(ख) क्या इसका निर्यात अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करने के लिए कोई प्रयास किए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो इसका निर्यात किन-किन देशों को किये जाने की संभावना है और उक्त निर्यात से कुल कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त होने की संभावना है?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम पूजन पटेल): (क) से (ग) सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को एक बार 25000 मी० टन सरसों के तेल के निर्यात के लिए प्राधिकृत किया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड इस बारे में ब्यौरे तैयार कर रही है। तथापि, अभी तक कोई निर्यात नहीं किया गया है।

अभावग्रस्त गांवों को पेय जल की आपूर्ति

236. **श्री राम नरेश यादव**: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मार्च, 1990 के अन्त तक देश में ऐसे अभावग्रस्त गांवों की राज्यवार संख्या कितनी थी जो पेय जल से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे थे; और

(ख) 1990-91 के वर्ष के दौरान कितने गांवों में पेय जल की सुविधा उपलब्ध करा दिए जाने का लक्ष्य है और शेष गांवों में पेय जल की सुविधा कब तक उपलब्ध करा दी जायेगी?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा): (क) राज्य सरकारों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार "बिना स्रोत" वाले समस्याग्रस्त गांवों की राज्य-वार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है।

(ख) वर्ष 1990-91 के दौरान आंशिक रूप से कवर किए गए 39809 गांवों में सुविधा का विस्तार करने/पूर्ण कवरेज के लक्ष्य के अलावा 3612 "बिना स्रोत" वाले समस्याग्रस्त गांवों को स्वच्छ पेयजल की सुविधायें उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। शेष समस्याग्रस्त गांवों को आठवीं पंचवर्षीय योजना के दूसरे वर्ष के दौरान कवर किए जाने की संभावना है।

विवरण

राज्य/संघशासित क्षेत्र	"बिना स्रोत" वाले समस्याग्रस्त गांवों की संख्या	माह की समाप्ति पर
1	2	3
असम	444	मार्च, 1990
बिहार	78	फरवरी, 1990
गोवा	2	मार्च, 1990
गुजरात	215	फरवरी, 1990
हरियाणा	171	मार्च, 1990
हिमाचल प्रदेश	1107	मार्च, 1990

1	2	3
जम्मू और कश्मीर	1012	जनवरी, 1990
केरल	1	मार्च, 1990
मध्य प्रदेश	195	फरवरी, 1990
महाराष्ट्र	101	मार्च, 1990
मणिपुर	33	फरवरी, 1990
मेघालय	1383	मार्च, 1990
मिजोरम	102	फरवरी, 1990
नागालैण्ड	26	फरवरी, 1990
उड़ीसा	1615	फरवरी, 1990
पंजाब	948	मार्च, 1990
राजस्थान	591	फरवरी, 1990
सिक्किम	7	मार्च, 1990
तमिलनाडु	18	मार्च, 1990
त्रिपुरा	130	जनवरी, 1990
उत्तर प्रदेश	1922	मार्च, 1990
कुल :	9201	

खाद्य तेलों की उपलब्धि

237. **श्री राम जेठ मलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चालू तेल वर्ष में देश के समस्त आन्तरिक स्रोतों के द्वारा 47.5 लाख टन खाद्य तेल उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि देश में खाद्य तेल की वार्षिक खपत का अनुमान 58 लाख टन लगाया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो देश में खाद्य तेल की मांग और आपूर्ति के बीच के अन्तराल को पूरा करने के लिए खाद्य तेल की कमी के कारण उसके विक्रय मूल्य में वृद्धि होने से पूर्व की सरकार द्वारा समय रहते आयात करने का निर्णय न लिए जाने के क्या कारण हैं ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम पूजन पटेल) : (क) चालू तेल वर्ष के दौरान सभी स्रोतों से खाद्य तेलों की उपलब्धता अनुमानतः 47.22 लाख मी० टन है।